## खबर संक्षेप



### अलग अलग स्थानों से 13 जुआरी गिरफ्तार

**कटनी।** माधवनगर और एन.के.जे. पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर कुल 13 जुआरियों को रंगे हाथों पकड़ा है। पुलिस ने इनके पास से ताश के पत्ते और 21,440 रुपये नगद बरामद किए हैं। जानकारी के अनुसार माधवनगर पुलिस ने एडीएम लाइन में दो अलग-अलग फड़ पर छापा मारा। पुलिस ने बताया कि एडीएम लाइन क्षेत्र में दोपहर करीब 2:30 बजे पुलिस ने घेराबंदी कर जुआरियों को पकड़ा। पकड़े गये जुआरियों में आशीष वैंजानी, भानू उर्फ भरत कुकरेजा, दीपक पोहानी और मुकेश मानुजा को जुआ खेलते पकड़ा। इनके पास से 9,850 रुपये नगद जब्त किए गए। इसके बाद एक घंटे बाद 3:30 बजे दूसरे जुआफड़ में दबिश दी और जुआरियों को दबोचा। जुआरियों में विनीत वाधवानी, विरेन्द्र नागदेव, रितेश धामेचा, राकेश जैसवानी और जितेन्द्र उर्फ मूला को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 11,250 रुपये बरामद हुए। इसी तरह एनकेजे पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गाताखेड़ा क्षेत्र में दबिश दी। यहाँ एक आम के पेड़ के नीचे जुआ खेल रहे चार जुआरियों कमलेश चौधरी, देवानंद कोल, मुलीचंद्र कोल और उत्तम कोल को रंगे हाथों पकड़ा गया। पुलिस ने मौके से 340 रुपये और ताश की गड्डी जब्त की है।

### एटीएम कार्ड बदलकर महिला से एक लाख की ठगी

**कटनी।** रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बरगवां स्थित यूनियन बैंक के एटीएम में धोखाधड़ी अज्ञात व्यक्ति ने चालाकी से महिला का एटीएम कार्ड बदलकर उसके खाते से एक लाख रुपये पार कर दिए। जानकारी के अनुसार सुशीला कोल 45 वर्ष निवासी बावली टोला मदन मोहन चौबे वार्ड बीते 3 फरवरी को सुबह लगभग 10:30 बजे बरगवां स्थित यूनियन बैंक के एटीएम से पैसे निकालने गई थीं। इसी दौरान वहां मौजूद एक अज्ञात व्यक्ति ने मदद करने के बहाने महिला का एटीएम पिन देख लिया और नजर बचाकर उसका कार्ड बदल दिया। महिला को ठगी का अहसास तब हुआ जब उसके खाते से पैसे कटने के मैसेज आए। इसके बाद पीड़िता ने रंगनाथ नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने 5 फरवरी को मामले में एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 318(4) BNS के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस एटीएम बूथ और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपी की पहचान की जा सके।

### देर रात तक डीजे बजाने पर वाहन समेत सामग्री जब्त

**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत जलसा मैरिज गार्डन के पास देर रात तेज आवाज में डीजे बजाने वाले एक वाहन पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सारा सामान जब्त कर लिया है। शुक्रवार रात लगभग 9:57 बजे से 11:55 बजे के बीच जलसा मैरिज गार्डन के बाहर मुख्य मार्ग पर एक लोडर वाहन में लगे डीजे सिस्टम से अत्यंत तेज आवाज में संगीत बजाया जा रहा था। इससे आसपास के रहवासियों को काफी परेशानी हो रही थी और शांति भंग हो रही थी। सूचना मिलते ही निरीक्षक राजेन्द्र मिश्रा ने दल-बल के साथ मौके पर पहुँचकर कार्रवाई की। पुलिस ने पाया कि डीजे संचालक बिना किसी अनुमति के निर्धारित सीमा से अधिक शोर कर रहा था। पुलिस ने मौके से लोडर वाहन क्रमांक MP 21 G 2484 को चालू हालत में जब्त किया। वाहन में लदे निम्नलिखित उपकरणों को भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है जिनमें 4 टॉप बॉक्स एवं 4 बेस बॉक्स, 7 लाइट उपकरण 4 SRP एक्सिस और 3 स्टोप लाइट, एम्पलीफायर एक 3 किलोवाट और एक 5 किलोवाट एवं एक जनरेटर, एक क्रॉस ओवर और एक मिक्सर शामिल है। पुलिस ने तेजस्वी गुप्ता पर प्रकरण दर्ज किया है।

### जीआरपी ने मुड़वारा रेलवे स्टेशन एवं बिलहरी चौकी पुलिस ने की कार्यवाही

# गांजा तस्करी करते दंपत्ति सहित बाइक सवार 2 युवकों को किया गया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में मादक पदार्थों की तस्करी का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। सड़क मार्ग से लेकर ट्रेनों के माध्यम से तस्कर मादक पदार्थों की सप्लाई कर रहे हैं। मुखबिरों की सूचना पर कभी कभी तस्करों को पकड़ने में पुलिस को सफलता भी मिल जाती है। इस क्रम में जीआरपी ने गांजा तस्करी कर रहे पति पत्नी को गिरफ्तार कर गांजा जब्त किया है वहीं कुठला थाना की बिलहरी पुलिस ने भी बाइक सवार दो युवको को गांजा की तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार मुड़वारा रेलवे स्टेशन पर जीआरपी ने गांजा तस्करी कर रहे एक पति-पत्नी को दबोचा है। पुलिस ने उनके पास से करीब 5 किलो गांजा जब्त किया है, जिसकी बाजार में कीमत ढाई लाख रुपये के आसपास आंकी जा रही है। जीआरपी के अनुसार सागर जिले के बंडा के रहने वाले रानू प्रजापति और उसकी पत्नी ज्योति मुड़वारा स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-2 पर बैठे थे। उनकी हरकतों को संदिग्ध देख



जब जीआरपी ने उनकी तलाशी ली, तो उनके पास मौजूद सफेद थैले से दो बंडल बरामद हुए। जांच करने पर पता चला कि उन बंडलों में अवैध गांजा भरा हुआ था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को तुरंत हिरासत में ले लिया और माल जब्त कर जीआरपी थाने ले आई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया है। दोनो को कोर्ट में पेश कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि वे यह गांजा कहां से लाए थे और किसे बेचने वाले थे।



इसी तरह चौकी प्रभारी बिलहरी उप निरीक्षक सुयश पाण्डेय व हमराह बिलहरी पुलिस स्टाफ को क्षेत्र भ्रमण दौरान बिलहरी से चिखला रोड पहाड़ी के पास रोड किनारे एक मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति संदिग्ध हालत में खड़े मिले। मोटरसाइकिल में आगे बैठे व्यक्ति के पास एक पिट्ठू बैग टंगा लिए दिखा जो संदिग्ध प्रतीत हुआ जो पुलिस को देखकर उक्त दोनों व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगे जिन्हें गिरफ्तार कर अभिरक्षा में लेकर उसका नाम पता पूछा गया। आरोपितों की पहचान कयामत सिंह पिता मिनश्री लाल बहेलिया 23 वर्ष निवासी ग्राम कुपना थाना शाहनगर जिला पन्ना 2. रहमत सिंह उर्फ आर्यन पिता इलेज सिंह 19 वर्ष निवासी ग्राम कुपना थाना शाहनगर जिला पन्ना के रूप में हुई। पिट्ठू बैग के बारे में पूछने पर हड़बड़ाने लगा और संतोषजनक उत्तर नहीं देने पर थैले में अवैध वस्तु होने की संभावना होने से चैक करने पर दो किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया। उक्त आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ गांजा व मोटरसाइकिल क्रमांक MP 35 ML 8148 जप्त किया गया व आरोपीयों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया

। कार्यवाही में थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक राजेंद्र मिश्रा, चौकी प्रभारी बिलहरी उप निरीक्षक सुयश पाण्डेय, , प्र आर. धर्मेंद्र यादव,भरत विश्वकर्मा ,आर. लव उपाध्याय, संदीप भलावी,सैनिक धनेंद्र त्रिपाठी का सराहनीय योगदान रहा ।

# आधी रात में छापामार कार्यवाही कर एक हाइवा किया गया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा जिला टास्क फोर्स की बैठक में अवैध खनिज परिवहन एवं उत्खनन के विरुद्ध कडी कार्यवाही करने के दिए गये निर्देश के पालन में खनिज अमले द्वारा जिले के अलग-अलग स्थानों पर योजना बनाकर कार्यवाहियां की जा रही है। इसी क्रम में तहसील विजयराघवगढ़ के ग्राम जमुवानी में लेटराईट खनिज का अवैध खनन कर परिवहन करते पाये जाने पर खनिज टीम द्वारा हाईवा जब्त किया गया ।

ज्ञात हो कि कलेक्टर श्री तिवारी ने खनिज अमले को योजना बनाकर रात्रिकालीन कार्यवाही हेतु निर्देशित किया था। खनिज अमले ने बुधवार की रात 10 बजे से गुरुवार की सुबह 4बजे तक जिले कि विभिन्न तहसीलों में वाहनों की सघन जांच की । जिसमें कटनी से बड़बारा - विलायतकला मार्ग पर खनिज परिवहन करने वाले वाहनों में रायल्टी दस्तावेजों की जांच की गई। इसके बाद बड़वारा रोहनिया-बसाडी-बरही मार्ग मे जांच की गई इसके जांच उपरांत बरही विजयराघवगढ़ से चरी मोड़ भटूरा के आस- पास देर रात्रि 2 बजे जमुवानी लेटेराइट की खुदाई करके परिवहन करते एक हाइवा को जब्त कर पुलिस थाना मे खड़ा कराया गया। आधीरात में अचानक की गई कार्यवाही से हाइवा चालक गाड़ी छोड़कर भाग गया स्थानीय खदान संचालकों की सहायता से वाहन को सुरक्षार्थ पुलिस थाना कैमोर की सुपुर्दगी में सौंपा गया।

जिले में अलग-अलग मुख्य मार्गो पर चेकिंग अभिमान से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा । कार्यवाही में मुख्य रूप से रत्नेश दीक्षित उपसंचालक खनिज, सहायक खनिज अधिकारी पवन कुशवाहा , खनिज निरीक्षक कमलकांत परस्ते, सिपाही ज्ञानेन्द्र सिंह, सुशील सिंह और रमाकान्त गर्ग की सराहनीय भूमिका रखी। खनिज एवं पुलिस विभाग द्वारा जिले में अवैध गतिविधियों पर लगातार कार्यवाहियों को अंजाम दिया जा रहा है।



# चिलिंग प्लांट का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर डिप्टी कलेक्टर प्रदीप मिश्रा एवं उपसंचालक पशुपालन डॉ. आर के सोनी ने संयुक्त रूप से सांची मिल्क चिलिंग प्लांट स्लीमानाबाद का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दुग्ध संकलन, सैम्पलिंग, फैट टेस्टिंग, चिलिंग एवं डिस्ट्रीब्यूशन तक पूरी प्रक्रिया का जायजा लिया गया। साथ ही निष्क्रिय समितियों को सक्रिय करने हेतु एवं मिल्क कलेक्शन बढ़ाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके साथ ही कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र स्लीमनाबाद का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दोनों संस्थाओं में पानी एवं एप्रोच रोड की समस्याओं के तत्काल निदान हेतु नायब तहसीलदार आकाशदीप नामदेव एवं स्थानीय सरपंच प्रतिनिधि श्री गुड्डन सिंह को आवश्यक कार्यवाही के लिये निर्देशित किया।

### कूड़ा दान खरीदी में अनियमितताओं के आरोप

**ढीमरखेड़ा।** जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में पंचायतों को वितरित किए जाने वाले कूड़ा दानों की खरीदी को लेकर अनियमितताओं के गंभीर आरोप सामने आए हैं। जानकारी के अनुसार 46 हजार रुपये की लागत से 9 कूड़ा दान बुलवाए गए हैं, लेकिन स्थानीय स्तर पर देखने और पूछताछ करने पर इनकी वास्तविक कीमत इससे काफी कम बताई जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि जिन कूड़ा दानों की अनुमानित बाजार कीमत कम है, उन्हें जनपद पंचायत द्वारा अधिक दरों पर खरीदा हुआ दर्शाया गया है। आरोप यह भी लगाए जा रहे हैं कि इस पूरी प्रक्रिया में जनपद पंचायत के अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध है और नियमों को दरकिनार कर खरीदी की गई है। सूत्रों के अनुसार सामान्य गुणवत्ता वाले प्लास्टिक, लोहे के कूड़ा दान की कीमत बाजार में अपेक्षाकृत कम है, जबकि जनपद द्वारा प्रस्तुत बिलों में कीमत को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया गया है।



जांच में यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो यह मामला सरकारी धन के दुरुपयोग की श्रेणी में आ सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायतों के विकास कार्यों के लिए मिलने वाली सीमित राशि में इस प्रकार की खरीदी से अन्य जरूरी कार्य प्रभावित होते हैं। उन्होंने इस पूरे मामले की जिला प्रशासन और उच्च स्तरीय जांच एजेंसी से निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### त्रिशूल सनातन एकता यात्रा का पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

**स्लीमनाबाद।** स्लीमनाबाद सहित आसपास का क्षेत्र गुरुवार को जब भक्तिमय डूब गया,जब स्लीमनाबाद त्रिशूल सनातन हिन्दू एकता पहुंची। यात्रा में भारत का सबसे बड़ा त्रिशूल विराजमान था। यात्रा का बुधवार की मध्य रात्रि स्लीमनाबाद आगमन हुआ जहाँ रात्रि ठहराव स्लीमनाबाद हुआ। गुरुवार को यात्रा स्लीमनाबाद नगर से होते हुये कटनी के लिए गईं। यात्रा का स्लीमनाबाद व तेवरी में पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। यात्रा में जय जय श्रीराम के नारे गुंजायमान हो रहे थे!स्लीमनाबाद व तेवरी यात्रा प्रभारी सानू ठाकुर ने बताया कि छिंदवाड़ा से यात्रा प्रारम्भ हुई है जो अयोध्या धाम जा रही है। श्री विघ्नेश्वर धाम श्री रामजन्म भूमि शाहगंज अयोध्या धाम के संत अमित योगी इस एकता यात्रा का नेतृव्य कर रहे है। यह त्रिशूल 60 फिट ऊँचा, 11 फिट चौड़ा ओर स्टील से निर्मित 700 किलोग्राम वजन का है( छिंदवाड़ा से यह यात्रा 2 फ़रवरी को निकली इसके बाद सिवनी, जबलपुर होते हुए स्लीमनाबाद पहुंच कटनी जिले मै 5 फ़रवरी को प्रवेश किया!इसके बाद यात्रा कटनी से आगे सतना, रीवा होते हुए प्रयागराज पहुंचेंगी। इसके बाद प्रतापगढ़, अमेठी, सुल्तानपुर होते हुए अयोध्या धाम पहुंचेगी, जहाँ पर भारत के सबसे बड़े त्रिशूल की स्थापना विधि-विधान से की जाएगी। महात्रिशूल ओर भगवान के लगते जयकारों के बीच मार्गो पर श्रद्धालु टकटकी लगाए हुए थे। आगे -आगे यात्रा चल रही थी ओर श्रद्धालु भगवान के जयकारे लगा रहे थे। यात्रा में पुलिस व्यवस्था भी रही। इस दौरान बजरंग दल सुरक्षा प्रमुख सानू ठाकुर, जिला मंत्री राहुल मिश्रा,बाबा पांडेय, जिला सह मंत्री लकी अग्रहरि, शालू दुबे, कमलेश रजक,अंकुश साहू, जय दुबे, अमित जोगी,पंकज साहू, अमन असाटी सहित बड़ी संख्या मै श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।



# शिकार के लिये लगाये गये फंदे में फंसा था तेंदुआ, आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विजयराघवगढ़ के ग्राम दरौडी में गुरुवार को लोहे की फेंसिंग में फंसे तेंदुए का मामला में चौकाने वाला तथ्य सामने आया। वन विभाग की जांच में यह खुलासा हुआ है कि यह कोई सामान्य दुर्घटना नहीं बल्कि वन्यप्राणी के शिकार की एक सोची-समझी साजिश थी। विभाग ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बीट दरौडी से लगे राजस्व क्षेत्र में चैन लिंक फेंसिंग में फंसे तेंदुए को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की टीम और पशु चिकित्सकों ने कड़ी मशक्कत के बाद सफलतापूर्वक 'ट्रेंकुलाइज' किया। तेंदुए को सुरक्षित रेस्क्यू कर वापस जंगल में छोड़ दिया गया है। तेंदुआ



के रेस्क्यू के बाद सतना वनमंडल की डॉग स्क्वाड टीम ने घटनास्थल पर सर्च ऑपरेशन चलाया। डॉग स्क्वाड की मदद से जो तथ्य सामने आए, वे चौंकाने वाले थे। फेंसिंग के पास ही शिकार के लिए लगाए गए 5 लोहे के फंदे बरामद हुए। डॉग की निशानदेही पर टीम सीधे संदिग्ध राजू सिंह के घर जा पहुंची। आरोपी के पास से खेत में फंदे लगाने के काम आने वाले 7 नग खूंटी और तार भी बरामद किए गए हैं। वन विभाग ने आरोपी राजू सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। विभाग ने वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत आरोपी के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है। अधिकारियों का कहना है कि अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए पेट्रोलिंग सख्त की जाएगी।

*कुठला थाना क्षेत्र में हुई थी चाकूबाजी की वारदात, पुलिस ने की कार्यवाही*

# चाकू से कातिलाना हमला करने वाले दो सगे भाईयों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कुठला थाना अंतर्गत एक युवक पर कातिलाना हमला करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपितो को गिरफ्तार किया है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, एएसपी डॉक्टर संतोष डेहरिया, सीएसपी नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में कुठला थाना प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में की गई। जानलेवा हमला करने वाले दोनो आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया गया है।



पुलिस के अनुसार मोहित पटेल निवासी हीरापुर कौड़िया ने रिपोर्ट लेख कराई कि 24/01/26 को रात्रि करीब 08:30 बजे वह सौरभ शुक्ला व आशीष पटेल के साथ मोटर साईकल से बस स्टेण्ड से पुरैनी जा रहा था । इंडिया होटल के आगे बजरंगबली मंदिर के पास ओम रजक एवं अंकित रजक ने लापरवाही से कट मारा, जिसे समझाने पर उन्होंने वाद व धक्का-मुक्की की, तत्पश्चात वे वहां से चले गये । रात्रि करीब 09:15 बजे जगन्नाथ मैरिज गार्डन के पास ओम रजक व अंकित रजक ने रास्ता रोककर गाली-गलौज करते हुए हाथ मुक्कों से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी । इसी दौरान ओम रजक ने आशीष पटेल को जान से मारने के इरादे से चाकू से पेट में वार किया, जिससे आशीष पटेल के दाहिनी ओर पसली के नीचे चोट आई व खून निकलने लगा । बीच-बचाव करने पर आरोपी मौके से पन्ना तिराहा की ओर भाग गये। घटना के बाद आशीष पटेल को थाना कुठला लाया गया, जहां से अधिक रक्तस्त्राव होने पर जिला अस्पताल भिजवाया गया। घटना सूचनाकर्ता के सामने घटित हुई है। रिपोर्ट पर उचित वैधानिक कार्यवाही की जाये । जिसकी रिपोर्ट पर चाकू से बार करने पर आरोपियों के विरुद्ध हत्या के प्रयास की सुसंगत धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की पता तलाश शुरू की गई।

विवेचना करते हुए घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों के बारे में सुराग जुटाये जिसके फलस्वरूप आरोपीगण अंकित रजक उर्फ अनिकेत पिता पीताम्बर उर्फ बुईया रजक 18 वर्ष एवं ओम रजक पिता पीताम्बर उर्फ बुईया रजक 20 वर्ष दोनो निवासी इण्डिया होटल के पीछे थाना कोतवाली को पकड़कर सघन पूछताछ करने पर घटना घटित करना स्वीकार किये तथा घटना में प्रयुक्त चाकू को जप्त किया गया है। आरोपी ओम रजक के विरुद्ध थाना कुठला जिला कटनी में 2 अपराध पंजीबद्ध है। कार्यवाही में निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में की गई जिसमें प्रधान आरक्षक राहुल मिश्रा, सुनील पाण्डेय एवं अन्य स्टॉफ की भूमिका रही।

### परीक्षा जीवन का एक महत्वपूर्ण चरण लेकिन अंतिम लक्ष्य नहीं

# आत्मविश्वास, और सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा देने दी सीख

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कटनी में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के "परीक्षा पर चर्चा" कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थियों के साथ-साथ शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक कर्मियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य का दायित्व का निर्वहन कर रहे डॉ आर. पी. मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि "परीक्षा जीवन का एक महत्वपूर्ण चरण है, लेकिन यही जीवन का अंतिम लक्ष्य नहीं है। विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, अनुशासन और सकारात्मक सोच



के साथ परीक्षा में सम्मिलित होना चाहिए। प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए मार्गदर्शन से विद्यार्थियों को मानसिक सशक्तिकरण की दिशा में नई ऊर्जा प्राप्त होती है।"

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को परीक्षा के तनाव से मुक्त रहने, समय प्रबंधन, आत्ममूल्यांकन तथा लक्ष्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने पढ़ाई को बोझ नहीं, बल्कि आनंदपूर्ण सीखने की प्रक्रिया के रूप में अपनाने पर बल दिया।

कार्यक्रम को लेकर विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला तथा सभी ने प्रधानमंत्री के विचारों को अपने शैक्षणिक जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का सफल आयोजन महाविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को और अधिक प्रेरणादायी बनाने वाला सिद्ध हुआ।

'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम का लाइव प्रसारण शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटनी में भव्य रूप से दिखाया गया, जिसमें विद्यालय के 205 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रधानमंत्री के सुझावों को सुना।

प्रसारण के दौरान विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री द्वारा परीक्षा के डर से मुक्त रहने और आत्मविश्वास बढ़ाने के टिप्स को ध्यानपूर्वक समझा। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर और भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक टंडन ने भी विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि परीक्षा में बिना किसी घबराहट के शामिल हों।

# 77 वर्षो के बाद बदलेगी पथराड़ी पिपरिया-निपानिया मार्ग की तस्वीर, सड़क निर्माण का श्रीगणेश आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

आजादी के 77 वर्षो तक कच्चे सड़क मार्ग से आवागमन का दंश झेल रहे बहोरीबन्द ग्राम के आदिवासी अंचल ग्राम निपनिया केवलारी के बाशिंदों को अब पक्के मार्ग की सुविधा मिलेगी जिससे आवागमन मैं सहूलियत होगी। ग्राम पथराड़ी पिपरिया से निपानिया केवलारी तक 9 किलोमीटर सड़क मार्ग अब पक्का बनेगा। शनिवार को सांसद वी डी शर्मा सड़क निर्माण कार्य का शुभारम्भ करेंगे।



गौरतलब है उक्त मार्ग उबड़-खाबड ओर पथरीला था यहाँ तक की बरसात के समय एम्बुलेंस गाँव तक नही पहुंच पाती थी जिस कारण निपानिया गाँव के रहवासियों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता था। ग्रामीणों उक्त समस्या से विधायक प्रणय पांडेय को अवगत कराया जिस पर विधायक ने आश्वासन दिलाया कि जल्द से जल्द उक्त मार्ग पक्का बन जायेगा।

विधायक प्रणय पांडेय ने उक्त मार्ग का पक्का निर्माण हो इसके लिए लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह से भेंटकर मांग पत्र सौपा। विधायक की मांग पर उक्त मार्ग का निर्माण अनुपूरक बजट मै शामिल करते स्वीकृति प्रदान की गईं। उक्त मार्ग का भूमिपूजन मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा वर्चुअल कर दिया गया था जिसके बाद शनिवार को अब सड़क निर्माण कार्य की शुरुआत होगी। इसके अलावा सांसद वी डी शर्मा बहोरीबंद में सरपंचो की बैठक लेंगे जिसमें जीरामजी योजना पर विस्तृत प्रकाश डालेंगे।

## खबर संक्षेप



### कलश शोभायात्रा के साथ श्रीराम कथा का शुभारंभ

**उमरियापान।** नगर के झंडा चौक स्थित सन्यासी महाराज मंदिर में 9 दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ किया गया। पहले दिन से ही कथावाचक पंडित नीरज गर्ग श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा का भावपूर्ण रसपान करा रहे हैं। कथा के शुभारंभ अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।गुरुवार को भव्य कलश शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा सन्यासी महाराज मंदिर से प्रारंभ होकर बड़ी माई मंदिर होते हुए पुनः मंदिर परिसर में संपन्न हुई। शोभायात्रा में महिलाएं एवं बालिकाएं सिर पर कलश लेकर श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ शामिल हुईं। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, भक्तजन एवं नगरवासी शामिल हुए।

### भागवत कथा में सुदामा चरित्र की सुनाई कथा

**उमरियापान।** समीपी ग्राम घुघरी में श्रीराम महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत महापुराण कथा चल रही है। भागवत कथा के दौरान गुरुवार को कथावाचक संत ब्रह्मानंद दास महाराज ने सुदामा चरित्र की मार्मिक कथा सुनाई, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। कथा में सुदामा और श्रीकृष्ण की सच्ची मित्रता, सुदामा की निर्धनता, उनकी निष्काम भक्ति तथा श्रीकृष्ण द्वारा अपने मित्र को सम्मान देने के प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया गया। संत ब्रह्मानंद दास महाराज ने कहा कि सुदामा चरित्र सच्ची मित्रता, त्याग, विनम्रता और भगवान पर अटूट विश्वास का प्रतीक है।कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन के साथ कथा का रसपान किया। सुदामा चरित्र प्रसंग सुनकर अनेक श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं और पूरे पंडाल में भक्तिमय वातावरण बना रहा। आयोजक समिति सदस्यों ने बताया कि श्रीराम यज्ञ एवं भागवत कथा के साथ प्रतिदिन रात्रि में रामलीला का भी मंचन किया जा रहा है। धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

### सरपंच ने कहा फर्जी हाजिरी की शिकायत निराधार

**ढीमरखेड़ा।** जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत भमका में मनरेगा योजना में फर्जी हाजिरी लगाने का आरोप लगाया गया था जो कि जनपद सीईओ के द्वारा ग्राम पंचायत सरपंच बुद्धू लाल को नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगा गया था कि आपकी ग्राम पंचायत में आपके घर के लड़के बहू और पत्नी की फर्जी हाजी लगाकर राशि निकाली गई है इसमें आप स्पष्टीकरण देकर जवाब कार्यालय में प्रस्तुत करें। सरपंच बुद्धू लाल के द्वारा जनपद पंचायत सीईओ को अपने स्पष्टीकरण पत्र में यह उल्लेख किया गया है कि मेरे को इस विषय की जानकारी नहीं है कि मेरे परिवार के तीनों सदस्य बहू पत्नी और बेटे की हाजिरी किसने लगाई है और पैसे किसने लिया है, इस विषय की जानकारी नहीं है एवं परिवार के इन तीनों सदस्यों ने योजना में कार्य नहीं किया है और जो भी शिकायत की गई है वह निराधार है। मेरे विरोधियों के द्वारा इस तरह की शिकायत एवं आरोप लगाए जाते हैं जो की जांच में ऐसा कुछ भी नहीं पाया गया।

### निपुण शाला बनाने शिक्षकों का किया जा रहा उन्मुखीकरण

**कटनी।** जिले की सभी प्राथमिक शालाओं को निपुण शाला बनाने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर के मार्गदर्शन में डाइट कटनी द्वारा प्राथमिक शिक्षकों का चरणवार उन्मुखीकरण किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में पहले चरण में चयनित किंतु निपुण बनने से शेष रह गई एवं द्वितीय चरण में चयनित विकासखंड कटनी, विजयराघवगढ़ और ढीमरखेड़ा की नई शालाओं के कक्षा 1, 2 एवं 3 के शिक्षकों का ऑनलाइन उन्मुखीकरण किया गया। इसमें प्रथम चरण में निपुण हुई कुछ शालाओं के शिक्षकों ने अपने प्रयासों के बारे में भी बाकी शालाओं को जानकारी दी।

## अपर मुख्य सचिव ने विभागीय कार्यों एवं गतिविधियों की समीक्षा कर प्रगति लानें अधिकारियों को दिए निर्देश

# प्रोजेक्ट में रूचि नहीं लेने वाले कंसल्टेंट कंपनियों को करें ब्लैकलिस्ट, सहायक यंत्री की दो वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास संजय दुबे ने नगर निगम में संचालित प्रोजेक्ट्स को गुणवत्तापूर्ण ढंग से तय समय-सीमा में पूर्ण करनें के निर्देश दिए। उन्होनें कहा कि कार्य इस प्रकार किए जाएं कि दूसरे लोग तारीफ करें। श्री दुबे नें अमृत योजना और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के कार्यो में हीला-हवाली करने वाली कंसल्टेंट कंपनियों और ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश दिए। अपर मुख्य सचिव शुक्रवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में नगर निगम सहित जिले के सभी नगरीय निकायों की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान तदाशय के निर्देश दिए।

इस मौके पर कलेक्टर आशीष तिवारी, अपर आयुक्त नगरीय विकास एवं आवास शिशिर गेमावत, निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार, उपसंचालक नीलेश दुबे एवं प्रमुख अभियंता नगरीय विकास एवं आवास मौजूद रहें।

अपर मुख्य सचिव द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ए.एच.पी घटक की समीक्षा के दौरान निगमायुक्त सुश्री परिहार ने बताया कि एएचपी घटक के तहत प्रेमनगर खिरहनी बस्ती में 1444 आवास पूर्ण कर लिये गए हैं, जिसमें 1412 लोगों का पंजीयन किया जाकर 733 लोगों को अब तक अधिपत्य भी प्रदान किया जा चुका है। शेष पर कार्यवाही प्रगतिरत है। इस दौरान एएचपी घटक के तहत बिलहरी मोड़ झिझरी फेस-2 में निर्माणाधीन भवनों के संबंध में जानकारी दिये जानें पर अवर मुख्य सचिव द्वारा शेष आवासों को शीघ्र पूर्ण कराकर पात्र हितग्राहियों को आवास का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। उन्होनें अमृत योजना 1.0 के तहत सीवरेज एंड सेप्टेज मैनेजमेंट प्रोजेक्ट तथा अमृत 2.0 वाटर बॉडी रिज्युविनेशन एवं वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट, पाइपलाइन विस्तार एवं सीवर प्रोजेक्ट की भी विस्तार से समीक्षा कर अधिकारियों को योजना में गति लाकर निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करनें के निर्देश दिए।

अपर मुख्य सचिव द्वारा मुख्यमंत्री शहरी अधोसंचना विकास योजना के



तहत कटाएघाट में हनुमान मंदिर से कटाएघाट मोड़ तक रिवर फ्रंट के तहत कराये जा रहे कार्यो में लापरवाही करनें तथा कार्य की मॉनिटरिंग नहीं करनें पर नगर निगम के सहायक यंत्री सुनील सिंह की दो वेतन वृद्धि रोकने केनिर्देश दिए गए। उन्होने कहा कि कोताही बरतने वाले कर्मियों की जवाबदेही तय कर कार्यवाही की जाए।

### राजस्व वसूली का दिया टारगेट

अपर मुख्य सचिव ने नगर निगम के राजस्व वसूली कार्य में कम प्रगति पर गहन असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने वसूली की समीक्षा के दौरान कहा कि जो लोग आवासीय रहवास का टैक्स दे रहे हैं लेकिन अब उन भवनो में व्यावसायिक गतिविधियां शुरू हो गई है। उनसे व्यवसायिक टैक्स वसूला जाय। साथ ही कर संग्राहकों से आवासीय व व्यावसायिक भवनों का सत्यापन कराकर प्रमाण पत्र लिया जाय।

स्वच्छ भारत मिशन की तैयारियों की समीक्षा के दौरान विगत वर्ष की रैंकिंग मे सुधार के नजरिये से व्यापाक आईईसी गतिवधियां संचालित करने के निर्देश दिए। अपर मुख्य सचिव द्वारा शहर को वाटर प्लस सर्टिफिकेट की उपलब्धि दिलानें हेतु सीवर लाईन नेटवर्क के कार्य में गति लानें तथा नागरिकों को गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग देने हेतु जोनवार, वार्डवार और कॉलोनीवार नागरिकों को गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग देनें हेतु स्वच्छता जागरूकता गतिविधियां आयोजित कर नागरिकों को प्रेरित करनें के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान नगर पंचायत कैमोर में डोर- टू -डोर कचरा संग्रहण करनें की कार्यवाही करनें तथा नागरिकों के मध्य स्वच्छता गतिविधियां आयोजित करनें के निर्देश दिए। उन्होने इस बार कैमोर नगर परिषद को स्वच्छता सर्वेक्षण मे फाईव स्टार रैंकिंग दिलाने के लिए जुटनें के निर्देश दिए।

### विभिन्न परियोजनाओं का निरीक्षण, निगरानी के निर्देश

अपर मुख्य सचिव श्री दुबे द्वारा नगर निगम के अमीरगंज स्थित एम.एस.डब्लू प्लांट का निरीक्षण कर प्लांट में पडे लीगेसी वेस्टके निष्पादन कार्य में तेजी लाने के साथ ही प्लांट में निगम के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर प्लांट पहुंचनें वाले कचरे की निगरानी करनें के निर्देश दिए। माधवनगर में निर्माणाधीन 7.50 एम.एल.डी सीवर ट्रीटमेंट प्लांट के निरीक्षण के दौरान नाराजगी व्यक्त करते हुए शेष कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करनें हेतु निर्देशित किया गया। वहीं बिलहरी मोड़ झिंझरी फेस -1 में प्रधानमंत्री अवास योजना के निर्माणाधीन भवनों के निरीक्षण की कुल लागत निर्मित भवनो की संख्या आदि की जानकारी ली जाकर कार्य में गति प्रदान करें शेष कार्य को शीध्र पूर्ण करनें सहित बस स्टैंड स्थित दीनदयाल ऑडिटोरियम परिसर का निरीक्षण प्रस्तावित लायब्रेरी एवं कैफेटोरिया एवं आडिटोरियम में अन्य विकास कार्यो के प्रस्ताव तैयार करानें के निर्देश दिए। इस दौरान अपर मुख्य सचिव नें बस स्टैंड परिसर का भी निरीक्षण किया।

*31 मार्च तक चलेगा संकल्प से समाधान अभियान, सेवाओं एवं योजनाओं का मिलेगा लाभ*

## महिला एवं बाल विकास विभाग की ज्वाइंट डायरेक्टर ने किया बहोरीबंद विकासखंड का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य की प्राप्ति के लिये केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को दिलाने के लिये 12 जनवरी से 31 मार्च तक ₹संकल्प से समाधान₹ अभियान चलाया जा रहा है! अभियान का प्रथम चरण 15 फरवरी तक चलेगा।

बहोरीबंद विकासखंड मै अभियान की नब्ज टटोलने अभियान प्रभारी महिला एवं बाल विकास विभाग की ज्वाइंट डायरेक्टर ऊषा सोलंकी पहुंची जहाँ उन्होंने ग्राम पंचायत स्लीमनाबाद ओर छपरा पहुंचकर अभियान की हकीकत का जायजा लिया। ज्वाइंट डायरेक्टर ने अभियान के माध्यम से प्राप्त आवेदन के संबंध में जानकारी



प्राप्त की जिसमें बतलाया गया कि ग्राम पंचायत स्लीमनाबाद में 309 आवेदन अभियान के तहत तहत प्राप्त हुए हैं, जिनमे 198 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है।

इस दौरान नोडल अधिकारी जे पी दीवान, पर्यवेक्षक पुष्पा आरख, प्रभारी सचिव चंद्रभान चौधरी उपस्थित रहे। ज्वाइंट डायरेक्टर के द्वारा आँगनबाड़ी केंद्रों का भी निरीक्षण किया गया। ज्वाइंट डायरेक्टर ने कहा कि पंचायतों में वार्ड स्तर पर आवेदन और शिकायतों के एकत्रीकरण के लिए गठित दल शासन की विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं से संबंधित आवेदन व शिकायतों को शिविर लगाकर या घर-घर जाकर एकत्रित करें। नोडल अधिकारी का यह दायित्व होगा कि वह अपने लॉगिन से सभी आवेदनों को पोर्टल पर दर्ज करे। पोर्टल पर दर्ज करने के बाद सभी आवेदनों को क्लस्टर स्तर के अधिकारी के पास जमा किया जाएगा। क्लस्टर स्तर के अधिकारी आवेदनों को विभागवार संबंधित अधिकारियों को निराकरण के लिये प्रेषित कर निराकरण की स्थिति प्राप्त करेगा।

अभियान का दूसरा चरण 16 फरवरी से 16 मार्च तक चलाया जायेगा। द्वितीय चरण में प्रथम चरण में प्राप्त आवेदन के साथ शेष आवेदन पत्रों के निराकरण के लिये शिविर लगाए जाएंगे।समाधान से संकल्प अभियान का तीसरा चरण 16 मार्च से 26 मार्च तक चलेगा। इस चरण में क्लस्टर अथवा जोन लेवल पर अनिराकृत आवेदन व शिकायतों एवं नवीन प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए शिविर आयोजित किये जायेंगे।

## विधायक ने किया निरीक्षण, डुप्लीकेट सामग्री बदलने निर्देश



अनुविभागीय राजस्व नवीन भवन ढीमरखेड़ा का बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह ने गुरुवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भवन में लगाए गए विद्युत उपकरण डुप्लीकेट पाए गए। पंखे, स्विच एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामग्री की गुणवत्ता पर सवाल उठने पर विधायक ने तत्काल सभी डुप्लीकेट उपकरण बदलवाने के निर्देश दिए। विधायक श्री सिंह ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि शासकीय भवनों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्माण एवं विद्युत कार्यों की जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई के संकेत भी दिए। निरीक्षण के समय एसडीएम निधि गोहल, तहसीलदार नितिन पटेल, आकांक्षा चौरसिया, योगेन्द्र सिंह (दादा ठाकुर) एवं सुलभ त्रिपाठी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने विधायक को आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र पूर्ण कराने का आश्वासन दिया।औचक निरीक्षण से राजस्व विभाग में हड़कंप की स्थिति रही, वहीं स्थानीय लोगों ने इस कार्रवाई को भ्रष्टाचार एवं लापरवाही पर सख्त संदेश के रूप में देखा।

## स्टेट सिविल सप्लाइज कॉरपोरेशन की क्षेत्रीय प्रबंधक ने निरीक्षण कर प्रगति की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मध्य प्रदेश स्टेट सिविल सप्लाइज कॉरपोरेशन लिमिटेड की क्षेत्रीय प्रबंधक श्रीमती साधना परस्ते ने शुक्रवार को जनपद पंचायत कटनी अंतर्गत ग्राम पंचायत पडुआ एवं ग्राम पंचायत गनियारी में संकल्प से समाधान अभियान की गतिविधियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने डोर-टू-डोर सर्वे, विभिन्न विभागों से प्राप्त आवेदनों एवं उनके निराकरण की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली।

### घर घर पहुंचकर ली जानकारी

निरीक्षण के दौरान श्रीमती परस्ते ने स्वयं ग्रामीणों के घर पहुंचकर जमीनी स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने ग्राम पंचायत गनियारी में हितग्राही शकुन हल्दकर के घर



पहुंचकर सर्वे दल द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं की जानकारी ली। वहीं ग्राम पंचायत पडुआ में सोम बाई पटेल के निवास पर जाकर उनके परिवार की स्थिति समझते हुए उन्हें किन-किन शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाया जा सकता है, इस संबंध में विस्तार से चर्चा की।

### योजनाओं का दिलायें लाभ

श्रीमती परस्ते ने निर्देशित किया कि शासन की मंशानुसार इस अभियान में सम्मिलित सभी विभागों के अधिकारी घर-घर पहुंचकर पात्र ग्रामीणों का चिन्हांकन करें तथा उन्हें समय-सीमा में योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु समन्वित प्रयास सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर जनपद पंचायत कटनी से विकासखंड समन्वयक श्री जग्गी पटेल एवं सर्वे दल के सदस्य उपस्थित रहे।

*ढीमरखेड़ा जनपद अंतर्गत दशरमन हायर सेकेण्डरी विद्यालय का मामला*

## विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में नियमों की अनदेखी फूहड़ गानों में छात्राओं ने किया डांस

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

जनपद शिक्षण केंद्र ढीमरखेड़ा अंतर्गत आने वाले हायर सेकंडरी विद्यालय दशरमन में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें स्कूली छात्राओं द्वारा विद्यालय परिसर के अंदर फूहड़ गानों में नृत्य किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय प्राचार्य रेखा नामदेव की उपस्थिति में किया गया।

ज्ञात हो कि पूर्व में भी इसी विद्यालय में फूहड़ गानों में साड़ी पहनकर नाचने का वीडियो वायरल हुआ था और जांच भी की गई थी। माफी नामा लिखते हुए विद्यालय को संबंधित विभाग द्वारा बचाया गया था लेकिन विद्यालय द्वारा राज्य शासन के दिशा निर्देशों की धज्जियां उड़ते हुए वर्तमान में पुनः फिर 4 फरवरी 2026 दिन बुधवार को फूहड़ गाने विद्यालय के अंदर




चलाए गए और छात्राओं द्वारा इन गानों पर डांस भी किया गया जबकि राज्य शासन की गाइडलाइन अनुसार शासकीय विद्यालय परिसर के अंदर फूहड़ फिल्मी गाने बजाने पूर्णत प्रतिबंधित किए गए हैं लेकिन दशरमन प्राचार्य रेखा नामदेव की अगुवाई में पुनः ऐसा कार्यक्रम करना राज्य शासन के निर्देशों की धज्जियां उड़ाना है क्योंकि इसके पहले भी जो कार्यक्रम आयोजित हुआ था

तत्कालीन प्राचार्य रेखा नामदेव थी और वर्तमान में भी जिला प्रशासन एवं अधिकारियों के बिना डर भय के फिर से इस प्रकार का तेज साउंड में पूरे गांव को सुना कर ऐसा कार्यक्रम आयोजित करना अधिकारियों को ठेका दिखाना एवं राज्य शासन को ठेंगा दिखाने जैसी स्थिति है। अब देखने लायक बात है कि पहले की तरह अधिकारियों या प्रशासनिक जिम्मेदारों द्वारा जिम्मेदारों को माफी दी जाएगी या फिर कार्यवाही करते हुए ऐसे जिम्मेदारों को अपनी जिम्मेदारी का एहसास दिलाया जाएगा।

ग्रामीणों ने मांग की है कि जिला प्रशासन द्वारा मामले को संज्ञान लेते हुए बड़ी कार्यवाही होनी चाहिए क्योंकि पूर्व में भी इस प्रकार का कृत्य होने के बाद दोबारा पुनरावृत्ति करना शासन प्रशासन के निर्देशों को ठेंगा दिखाना है।

इस संबंध में जब प्राचार्य से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया बच्चों की सहमति से किया गया है लेकिन सोचने लायक बात यह है कि शासकीय विद्यालय राज्य शासन की गाइडलाइन के अनुसार चलता है बच्चों की सहमति से आप विद्यालय परिसर के अंदर राज्य शासन की गाइडलाइन को दरकिनार नहीं कर सकते हैं और ना ही बच्चों की सहमति से आप ऐसा कार्य कर सकते हैं जो शिक्षा व्यवस्था एवं शिक्षा विभाग की छवि को धूमिल करें।

## किसानों को आधुनिक खेती हेतु किया जा रहा जागरूक

# यंत्रीकृत खेती अपनाकर किसान कमा सकेंगे अतिरिक्त लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

'कृषक कल्याण वर्ष 2026' के अंतर्गत कलेक्टर शआशीष तिवारी के निर्देश पर कृषि विभाग का रथ इन दिनों जिले के गांवों में भ्रमण कर रहा है। इसी क्रम में विकासखंड ढीमरखेड़ा के विभिन्न ग्रामों में कृषि रथ के माध्यम से किसानों को आधुनिक खेती के प्रति जागरूक किया गया।

### वैज्ञानिक तरीकों के लाभ

कृषि अभियांत्रिकी विभाग के उपयंत्री संदीप पीपाड़ा द्वारा किसानों को परंपरागत खेती और यंत्रीकृत (मशीनी) खेती के बीच तुलनात्मक अंतर समझाते हुए वैज्ञानिक तरीके से खेती करने के फायदे बताये गये। उपयंत्री संदीप पीपाड़ा ने किसानों को बताया कि परंपरागत खेती में



80-90 किलो बीज और अधिक खाद की जरूरत पड़ती है जिसका खर्च लगभग 6 हजार रूपये होता है। खेत की तैयारी के लिए 3 बार कल्टीवेटर और छिड़काव में अतिरिक्त 4 हजार रूपये व्यय होता है। साथ ही खरपतवार निकालने का अतिरिक्त खर्च लगभग 1 हजार रूपये सहित कुल लागत 11 हजार रूपये प्रति एकड़ हो जाती है।

वहीं यंत्रीकृत विधि (सुपर सीडर/हैप्पी सीडर) में मात्र 40 किलो बीज लगता है और खाद की भी बचत होती है जिसका खर्च 3 हजार रूपये होती है। सुपर सीडर यंत्र 2 हजार रूपये में एक ही बार में खेत की तैयारी, नरवाई प्रबंधन और बोनी कर देता है। नरवाई मिट्टी में मिलकर खाद का काम करती है, जिससे जमीन की शक्ति बढ़ती है। अर्थात यंत्रीकृत विधि से यही काम मात्र 5 हजार रुपये प्रति एकड़ में हो जाता है।

### मिलती है अधिक उपज

श्री पीपाड़ा ने गणना कर बताया कि यंत्रीकृत खेती न केवल लागत घटाती है, बल्कि उत्पादन में 25 से 30 प्रतिशत की वृद्धि भी करती है। इससे किसानों को प्रति एकड़ 4 से 5 क्विंटल अधिक उपज मिलती है, जिसका बाजार मूल्य लगभग 10 से 12 हजार रुपये होता है।

इस प्रकार यदि हम लागत में हुई 6 हजार रुपये की बचत और उत्पादन में हुई 11 हजार रुपये की वृद्धि को जोड़ें, तो किसान भाई प्रति एकड़ औसतन 17 हजार रुपये तक का अतिरिक्त लाभ कमा सकते हैं।

जिले के सभी किसानों को अधिक लाभ के लिये आधुनिक कृषि यंत्रों को अपनाने की अपील की है।

## 'परीक्षा पे चर्चा' के कार्यक्रम में छात्राओं को तनाव कम करने की दी गई प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी में शुक्रवार को 'परीक्षा पे चर्चा 2026' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और मानसिक-भावनात्मक कल्याण पर जोर दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य परीक्षा से जुड़े तनाव को कम करना तथा इसे एक उत्सव के रूप में मनाने की प्रेरणा देना था।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वीडियो माध्यम से विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों से सीधा संवाद किया। उन्होंने परीक्षा की तैयारी के दौरान समय प्रबंधन, स्वस्थ जीवनशैली, असफलता से न डरना और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने जैसे



महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। उनका संदेश था कि परीक्षा केवल अंकों की नहीं, बल्कि चरित्र और धैर्य की भी परीक्षा है। छात्रों को उन्होंने प्रेरित किया कि वे अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखें और शांत मन से तैयारी करें।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने छात्राओं को संबोधित करते हुए अनुशासन, नियमित अध्ययन और धैर्य के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संयम और कठिन परिश्रम से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होने छात्राओं को तनावमुक्त रहकर पूर्ण समर्पण से पढ़ाई करने की सलाह दी। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक, डॉ. विमला मिंज, डॉ. रश्मि चतुर्वेदी, के.जे. सिन्हा, डॉ. आर.के. गुप्ता, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. अमिताभ पाण्डेय, डॉ. वीणा सिंह मौजूद रहीं।

## खास बातें

### एक प्रकरण में ईनाम घोषित

**दमोह।** पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने दमोह जिले अंतर्गत थाना तेन्दूखेड़ा के 01 प्रकरण में 01 संदेही आरोपी पर 03 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने प्रकरणों की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये जिले के थाना तेन्दूखेड़ा के अपराध क्रमांक 04/26 धारा 137 (2) बीएनएस के तहत संदेही आरोपी राहुल कुर्मी पटेल निवासी ससना कला थाना तेन्दूखेड़ा जिला दमोह पर 03 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने जानकारी दी है कि उक्त प्रकरणों में जो कोई व्यक्ति/कर्मचारी/अधिकारी आरोपियों को गिरफ्तार करेगा या करायेगा या ऐसी उपयुक्त सूचना देगा जिससे फरार आरोपियों, की गिरफ्तारी संभव हो सके ऐसे व्यक्ति को नकद पुरूस्कार से पुरूस्कृत किया जायेगा। उक्त ईनाम प्रदान करने के संबंध में पुलिस अधीक्षक का निर्णय अंतिम होगा।

### मुराछ में विराट हिंदू सम्मेलन सम्पन्न

**पवई।** पवई क्षेत्र में मां मरही देवी प्रांगण मुराछ में विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया सम्मेलन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से धर्म और संस्कृति की सुंदर झलक देखने को मिली। कार्यक्रम में संत वक्त के रूप में डॉ.हरकेश बाढोलिया जी द्वारा हिंदू एकता व सामाजिक समरसता को लेकर प्रेरणादायी वक्तव्य दिए, महिला वक्त के रूप में श्रीमती अर्चना सिंह भदोरिया जी द्वारा पर्यावरण एवं कुटुंब प्रबोधन की जीवन में महत्वता से सभी को अवगत कराया एवं मुख्य वक्ता श्रीमान आशीष खरे जी द्वारा हिंदू एकता और सामाजिक को संगठित रहने का संदेश दिया सम्मेलन में मातृशक्ति, युवा वर्ग एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

### शहपुरा में विश्व हिंदू सम्मेलन का हुआ आयोजन

**अजयगढ़।** अजयगढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत शहपुरा में विश्व हिंदू सम्मेलन का हुआ आयोजन श्रद्धा, उत्साह और अनुशासन के साथ किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के संत-महात्मा, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए। सम्मेलन का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। वक्ताओं ने सनातन संस्कृति, हिंदू समाज की एकता, संस्कारों की रक्षा तथा सामाजिक समरसता पर अपने विचार रखे।

### प्रथम दिवस 71 यजमानों ने दी आहुतियां

# मंत्रोच्चार के साथ अतिरुद्र महायज्ञ का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा





उपकाशी हटा में पहली बार देवश्री गौरीशंकर मंदिर प्रांगण में आयोजित 10 दिवसीय श्री श्री 1008 श्री अतिरूद्र महायज्ञ का आयोजन शुक्रवार को यज्ञाचार्य पंडित श्री मथुरा प्रसाद जी के सानिध्य में विद्वान पंडितो द्वारा विधि विधान के साथ पूजन अर्चन कर 25 कुंडीय यज्ञशाला में 71 यजमानों द्वारा आहुति देकर महायज्ञ का श्री गणेश हुआ। योगाचार्य वाराणसी के विख्यात पंडित मथुरा प्रसाद जी शास्त्री ने बताया कि महारूद्र यज्ञ का शुभारंभ शुक्रवार की सुबह विधि विधान के साथ सभी देवी देवताओं का आवाहन कर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन अर्चन कर किया गया जिसमें प्रथम दिवस मुख्य यजमान कुंवर पुष्पेंद्र सिंह हजारी सपत्नी ने 71 यजमानों के साथ अलग-अलग वेदी पर आहुतियां दी गई। शास्त्री जी ने बताया कि प्रथम दिवस 2 लाख 19 हजार 231आहुतियां दी गई जिसमें यज्ञ के समापन तक 24 लाख 11 हजार 541 आहुति के साथ यज्ञ का समापन होगा। महारूद्र यज्ञ में रोजाना नये यजमान द्वारा यज्ञ में सम्मिलित होकर आहुतियां दी जावेगी। प्रातः 8 बजे से शाम 4 बजे तक यज्ञाचार्य पं. डॉ मथुरा प्रसाद शुक्ल के निर्देशन में ब्रम्हा पं. सुरेश दुबे, उपाचार्य पं. सुरेश पांडेय, सहित 11 पंडितो द्वारा हवनात्मक रुद्राष्टकध्याय सम्पन्न कराया, 5 पंडितो द्वारा महामृत्युंजय जाप, 3 पंडितो द्वारा दुर्गा सप्त पाठ कराया।

#### शिवलिंग निर्माण कर किया विसर्जन-

अतिरुद्र महायज्ञ के दौरान गौरीशंकर मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को प्रातः 7 बजे से मंदिर में बड़ी संख्या में उपस्थित हुए श्रद्धालुओ ने भक्ति भाव के साथ विधि विधान के अनुरूप पार्थिव शिवलिंग बनाये, तदुपरांत महाभिषेक के साथ भव्य शोभायात्रा के माध्यम से श्रद्धालुओं ने गाजे बाजे के साथ थिरकते हुए पावन पुण्य सलिला सुनार नदी के घुराघाट तट पर मंगल आरती और पूजन अर्चन उपरांत विसर्जित किये गए।

# खेल के मैदान पर कब्जा, युवाओं का सपना दबा



**बनवार।** ग्राम मुडारी में शासकीय मिडिल स्कूल के पास स्थित लगभग 10 एकड़ शासकीय भूमि पर कथित अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। इस भूमि को खेल ग्राउंड के रूप में विकसित करने का सपना देख रहे गांव के युवाओं ने अब प्रशासन के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों से भी हस्तक्षेप की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार रिथाना-मुडारी-जुझार एवं बार्दकपुर चौराहा मार्ग पर स्थित शासकीय भूमि, खसरा नंबर 912, 913, 914, 915, 916, 917 एवं पूर्व खसरा नंबर 1/1 (त्रिलोचन पहाड़ी के पास) पर कुछ दबंगों द्वारा जबरन कब्जा कर लिया गया है। कब्जा हटाने की बात करने पर विवाद की स्थिति बन जाती है, जिससे गांव में तनाव का माहौल बना रहता है। युवाओं का कहना है कि यदि यह भूमि मुक्त कराकर खेल मैदान बनाया जाए तो गांव के बच्चे और युवा आर्मी, पुलिस भर्ती की तैयारी के साथ-साथ क्रिकेट, वॉलीबाल, कबड्डी जैसे खेलों में अभ्यास कर सकेंगे। इससे न केवल युवाओं को दिशा मिलेगी बल्कि क्षेत्र की पहचान भी बनेगी। इसी मांग को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर दमोह को ज्ञापन सौंपा, वहीं यही ज्ञापन दमोह विधायक को भी दिया गया है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के हस्तक्षेप से जल्द समाधान निकलेगा। ज्ञापन देने वालों में राजा सिंह लोधी, संजू सांग सिंह सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# वेस्ट मैटेरियल व औषधीय पौधों की प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



शासकीय महाविद्यालय में ईको-क्लब के अंतर्गत वेस्ट मैटेरियल व औषधीय पौधों की प्रदर्शनी आयोजित अमर वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय, तेंदूखेड़ा में ईको-क्लब के अंतर्गत दिनांक 06 फरवरी को पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पत्ती एवं वेस्ट मैटेरियल से निर्मित उपयोगी वस्तुओं एवं मॉडल तथा औषधीय पौधों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी रचनात्मकता एवं पर्यावरण के प्रति जागरूक सोच का परिचय दिया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा सूखी पत्तियों, अनुपयोगी वस्तुओं एवं अन्य वेस्ट सामग्री से तैयार किए गए विभिन्न उपयोगी मॉडल, सजावटी वस्तुएं एवं दैनिक उपयोग में आने वाली सामग्री प्रदर्शित की गईं। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने तुलसी, एलोवेरा, गिलोय, नीम, अश्वगंधा सहित अनेक औषधीय पौधों की जानकारी देते हुए उनके औषधीय गुणों और उपयोगिता को भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. अरूणेंद्र कुमार पटेल के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रदर्शनी का संचालन ईको-क्लब प्रभारी डॉ. मनीषा कुमारिया द्वारा किया गया। निर्णायक की भूमिका में डॉ. संध्या स्थापक एवं श्रीमती सुमन अहिरवार उपस्थित रहीं, जिन्होंने विद्यार्थियों के मॉडलों एवं प्रदर्शनों का मूल्यांकन कर उन्हें प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. पटेल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वेस्ट मैटेरियल का पुनः उपयोग पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में नवाचार, रचनात्मकता तथा प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालयीन स्टाफ, ईको-क्लब के सदस्य एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्रदर्शनी को विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा सराहा गया तथा भविष्य में भी इस प्रकार के पर्यावरणीय आयोजनों को निरंतर आयोजित करने की बात कही गई।

# सौरभ शर्मा ने लिया गैसाबाद थाना प्रभारी के रूप में चार्ज

**गैसावाद।** इसे प्रशासनिक फेर बदल काहे या सत्ताधारी पार्टी के नेताओं के बीच की राजनीतिक रसूख की स्पर्धा कि मात्र दो माह पहले गैसाबाद थाना में दमोह से आई थाना प्रभारी प्रियंका पटेल का स्थानांतरण पुनः दमोह के लिए कर दिया गया प्राप्त जानकारी अनुसार थाना प्रभारी प्रीति पांडे के स्थानांतरण के बाद 30 नवंबर 2005 को दमोह से गैसावाद थाना पहुंची प्रियंका पटेल को अभी गैसाबाद थाने में मात्र दो माह का समय ही हुआ था कि अचानक ही 4 फरवरी 2026 को उनका स्थानांतरण पुनः दमोह कर दिए जाने से क्षेत्र में जन चर्चाओं का बाजार गर्म है लोग दबी जुबान बताते हैं कि यह ट्रांसफर राजनीतिक उठा पटक के चलते किया गया है, खैर मामला जो भी हो यह नेताओं और शासन प्रशासन का विषय है, वहीं दूसरी ओर गैसाबाद थाना के नये प्रभारी के रूप में युवा थाना प्रभारी सौरभ शर्मा ने पदभार ग्रहण किया, श्री शर्मा करीबन 10 वर्षों से पुलिस विभाग में कार्यरत है, हरिभूमि संवाददाता कृष्णगोपाल श्रीवास्तव को दूरभाष पर हुई चर्चा के दौरान नवनियुक्त थाना प्रभारी सौरभ शर्मा ने बताया कि मेरी प्रथम प्राथमिकता क्षेत्र में पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ जनहित के कार्य कर, क्षेत्र में अमन चैन और शांति कायम करना होगी, अपराध मुक्त और भय मुक्त वातावरण निर्मित करने का प्रयास करूंगा।

## दो माह के अल्प समय में गैसावाद थाना प्रभारी का हुआ स्थानांतरण

# संतों के संदेश से गूंजा सामाजिक एकता का स्वर



**सिग्रामपुर।** क्षेत्र के कुसमी मानगढ़ गांव में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। सम्मेलन में संत विप्र कुलभूषण परम पूज्य बाल योगी महंत स्वामी भास्कर आनंद गिरि जी महाराज (श्रद्धा धाम जमुनिया) का भव्य आगमन हुआ, जहां उन्होंने समाज को एकता, समरसता और संगठन का संदेश दिया। अपने उद्बोधन में महंत स्वामी भास्कर आनंद गिरि जी महाराज ने कहा कि समाज को जाति, भाषा और वर्ग के भेदभाव से ऊपर उठकर एकजुट होना होगा। उन्होंने कहा कि जब समाज एक सूत्र में बंधेगा तभी राष्ट्र सशक्त बनेगा। संत के विचारों से सम्मेलन स्थल भक्तिमय और प्रेरणादायी वातावरण से भर उठा। सम्मेलन में पंच परिवर्तन अभियान पर प्रकाश डालते हुए सीमा खरे ने सामाजिक जीवन में सकारात्मक बदलाव की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने स्वच्छता, समरसता, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य और सामाजिक सौहार्द जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की। वहीं समाज सुधारक सुशील नामदेव ने पॉलिथीन मुक्त समाज की आवश्यकता बताते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार करें और स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण के लिए सामूहिक प्रयास करें। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच प्रतिनिधि कप्तान सिंह ठाकुर, दिलीप गर्ग, गोविंद विश्वकर्मा, ओमकार दुबे, परसोत्तम पाठक, सुरेंद्र अवस्थी, पारसमणी विश्वकर्मा, सुशील यादव, सचेंद्र रजक, अनिल मरावी, योगेंद्र ठाकुर, बलराम रजक, नीतेश साहू, संदीप ठाकुर, श्यामू पाठक, राजेंद्र ठाकुर, मुन्ना ठाकुर सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सम्मेलन में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया। देशभक्ति गीत, नृत्य एवं प्रेरणादायी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम और भी भव्य बन गया। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के सम्मेलनों का उद्देश्य समाज को जागरूक करना, संस्कारों को मजबूत करना और भावी पीढ़ी को सही दिशा देना है। सम्मेलन का समापन राष्ट्र और समाज हित में कार्य करने के संकल्प के साथ किया गया।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे महिला नसबंदी शिविर



**हिण्डोरिया।** शासन के स्वास्थ्य विभाग के विशेष अभियान के तहत स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला नसबंदी शिविर का आयोजन किया गया। इस संबंध में शिविर प्रभारी एवं बीएमओ अमित मिश्रा ने बताया कि सुबह 11 बजे से केंद्र में महिलाओं का पंजीयन स्वास्थ्य कर्मी पंकज वर्मा एवं महिलाओं की सभी जांचें डॉ. ज्योति दुबे व्दारा की गई। इसके पश्चात डॉ.गुलाब तिवारी द्वारा 35 महिलाओं की सफल नसबंदी की गई है। श्री मिश्रा ने बताया कि केन्द्र मे अभियान के तहत अब तक लगभग 800 सौ से अधिक महिला नशबंदी शिविर के माध्यम से हो चुकी है। शिविर मे प्रकाश त्रिपाठी, परमानन्द, रमेश सोनी, सत्यम खरे आदि की भूमिका सराहनीय रही।

# परीक्षा पर चर्चा का लाइव प्रसारण देखा



दमोह। टाईम्स महाविद्यालय में हुआ परीक्षा पर चर्चा का लाइव प्रसारण टाईम्स महाविद्यालय में प्रधानमंत्री द्वारा परीक्षा पर चर्चा का लाइव प्रसारण किया गया। जिसमे छात्रों द्वारा परीक्षा के पूर्व रखी जाने वाली सावधानी एवं सतर्कता के बारे में जाना। एन. एस. एस. के 50 से अधिक छात्र छात्राओं द्वारा इस कार्यक्रम में भाग लिया गया एवं माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रदान मार्गदर्शन के अनुरूप भविष्य में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ की उपस्थिति रही।

# भिलौनी में स्मार्ट पैनल से हुआ सीधा प्रसारण



दमोह। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा विद्यार्थियों को परीक्षा के तनाव से मुक्त करने एवं उन्हें आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित "परीक्षा पर चर्चा" कार्यक्रम का शासकीय माध्यमिक शाला भिलौनी में स्मार्ट पैनल के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने बताया कि परीक्षा को बोझ न मानकर एक अवसर के रूप में लेना चाहिए। साथ ही यह भी समझाया कि केवल महत्वपूर्ण प्रश्नों को याद करने के बजाय पूरे पाठ्यक्रम पर ध्यान केंद्रित करना अधिक लाभदायक होता है, जिससे प्रतियोगी परीक्षाओं में भी सफलता के अवसर बढ़ते हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विद्यार्थियों को यह संदेश भी दिया कि आज के समय में पढ़ाई के साथ-साथ स्किल का विकास भी अत्यंत आवश्यक है। इससे न केवल परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया जा सकता है, बल्कि भविष्य में करियर निर्माण में भी मदद मिलती है।

# दिव्यांग छात्रों ने विकासखंड स्तरीय शिविर में लिया भाग



**तेंदूखेड़ा।** दिनांक 4 फरवरी को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, तेंदूखेड़ा में विकासखंड स्तरीय दिव्यांग शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में विकासखंड तेंदूखेड़ा के 18 हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के दिव्यांग विद्यार्थियों ने सहभागिता की। शिविर में जिला मुख्यालय दमोह से आई सात सदस्यीय चिकित्सकों की टीम द्वारा विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। परीक्षण के उपरांत पात्र विद्यार्थियों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र तैयार करने की प्रक्रिया पूर्ण की गई, जिससे उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सके। शिविर के आयोजन में दिव्यांग छात्रों के जिला प्रभारी नरेंद्र पटेल की विशेष सहभागिता रही, जिनके मार्गदर्शन में शिविर सुचारु रूप से संपन्न हुआ। विद्यालय स्तर पर संस्था प्रमुख परसोत्तम सिंह लोधी, शिक्षकगण राकेश तिवारी, भरत यादव सहित समस्त शिक्षक एवं स्टाफ ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। यह शिविर दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ, जिससे उन्हें समय पर आवश्यक प्रमाण पत्र एवं मार्गदर्शन प्राप्त हो सका।

# विद्यार्थियों का विदाई समारोह संपन्न



**दमोह।** विकासखंड पथरिया अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला सतौआ में कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मंजू धर्मेंद्र कटारे, डीसीपी मुकेश कुमार द्विवेदी, एपीसी राजू जैन गांगरा सहित जन शिक्षा केंद्र एवं विकासखंड स्तर के शिक्षकगण उपस्थित रहे। विद्यालय के शिक्षक मोहन सिंह ठाकुर द्वारा सभी अतिथियों का विद्यालय का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया तथा विद्यालय में उपस्थित होकर विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देने एवं परीक्षा संबंधी उपयोगी चर्चा करने के लिए आभार व्यक्त किया गया। अतिथियों ने विद्यालय की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और विद्यार्थियों की प्रतिभाओं की सराहना की। कलेक्टर श्री कोचर ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें निरंतर परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों के साथ-साथ शिक्षकों के प्रयासों की भी प्रशंसा की।

# जोगन कुंड धाम में महामृत्युंजय यज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

**जबेरा।** जबेरा ग्राम के समीप प्राकृतिक सौंदर्य की गोद में स्थित जोगन कुंड धाम इन दिनों भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक चेतना का विराट केंद्र बना हुआ है। यहां आयोजित महामृत्युंजय रुद्र महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिवस कथा व्यास पंडित पवन उपाध्याय ने रुक्मिणी विवाह प्रसंग का ऐसा भावपूर्ण और दिव्य वर्णन किया कि कथा पंडाल श्रद्धालुओं की भक्ति से झूम उठा । कथा व्यास ने भगवान श्रीकृष्ण और देवी रुक्मिणी के पावन विवाह प्रसंग को भागवत भाव से जोड़ते हुए बताया कि यह प्रसंग केवल विवाह कथा नहीं, बल्कि आत्मा और परमात्मा के मिलन का प्रतीक है। इसमें प्रेम, समर्पण, त्याग और धर्म की विजय का संदेश निहित है। जैसे ही रुक्मिणी विवाह का प्रसंग आगे बढ़ा, श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर जयकारों के साथ झूमने लगे। इस अवसर पर राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी जोगन कुंड धाम पहुंचे और कथा श्रवण कर धर्म लाभ प्राप्त किया। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा, सद्भाव और संस्कारों का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण जोगन कुंड धाम में सिद्ध बाबा महाराज के आशीर्वाद के साथ भागवत कथा का रसपान करना क्षेत्रवासियों के लिए सौभाग्य की बात है। यज्ञ संचालक मनोज मिश्रा ने धर्म प्रेमी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन केवल अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज को आध्यात्मिक रूप से जोड़ने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि सभी श्रद्धालु सौभाग्यशाली हैं जिन्हें इस दिव्य स्थल पर सिद्ध बाबा महाराज का आशीर्वाद और भागवत कथा का अमृतपान करने का अवसर मिल रहा है। छठवें दिवस का आयोजन भक्ति, भाव और उल्लास से परिपूर्ण रहा, जहां मंत्रोच्चार, भजन-कीर्तन और भागवत कथा के दिव्य प्रसंगों से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से आलोकित हो उठा।



# तीन प्रकरणों में 24 हजार रूपये का ईनाम घोषित

**दमोह।** पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने दमोह जिले अंतर्गत 03 प्रकरणों में 04 आरोपियों और 06 अज्ञात आरोपियों पर 24 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है । पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने प्रकरणों की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये जिले के थाना नोहटा के अपराध क्रमांक 606/25 धारा 103 (1) बीएनएस के तहत अज्ञात अरोपी पर 10 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। इसी प्रकार थाना जबेरा के अपराध क्रमांक 366/25 धारा 296(ए), 115(2), 351(2), 121(1), 331(6), 309(6),3(5) बीएनएस, 3(1)द, 3(1)घ, 3(2)(**V**), 3(2)**va** एससी एसटी एक्ट, 25/27 आर्म्स एक्ट इजाफा धारा-132 बीएनएस के तहत आरोपी बाबर खान निवासी ग्राम कुसमी मानगढ़ थाना जबेरा, शेखू ऊर्फ आलमगीर खान ऊर्फ छोटू खान पिता बाबर खान निवासी ग्राम कुसमी मानगढ़ थाना जबेरा पर 5-5 हजार रूपये एवं अन्य अज्ञात 05 अरोपियों पर 2 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। इसी प्रकार थाना दमोह देहात के अपराध क्रमांक 741/25 धारा 296, 115(2), 118 (1), 351(2), 119 (1)बीएनएस के तहत आरोपी करन ठाकुर पिता स्व. नरेन्द्र ठाकुर निवासी हिरदेपुर थाना दमोह देहात एवं देबू विश्वकर्मा पिता लक्ष्मन विश्वकर्मा उम्र 26 साल निवासी सागर नाका चौकी के पीछे हिरदेपुर थाना दमोह देहात पर एक-एक हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने जानकारी दी है कि उक्त प्रकरणों में जो कोई व्यक्ति/कर्मचारी/अधिकारी आरोपियों को गिरफ्तार करेगा या करायेगा या ऐसी उपयुक्त सूचना देगा जिससे फरार आरोपियों, की गिरफ्तारी संभव हो सके ऐसे व्यक्ति को नकद पुरूस्कार से पुरूस्कृत किया जायेगा। उक्त ईनाम प्रदान करने के संबंध में पुलिस अधीक्षक का निर्णय अंतिम होगा।

# केंन्द्रीय अध्यक्ष का नगर तेन्दूखेड़ा में होगा आगमन

**दमोह।** माता आदि शक्ति जगत जननी जगदंबा की असीम कृपा से परमहंस योगीराज धर्म सम्राट युग चेतना पुरुष श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के आशीर्वाद एवं निर्देशन में जनकल्याण आत्मकल्याण एवं विश्व शांति स्थापित करने हेतु माता भगवती आदि शक्ति जगत जननी जगदंबा की आरती महा आरती 5 घंटे के अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ एवं 24 घंटे के अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ एवं शक्ति चेतना जन जागरण शिविर के माध्यम से समाज में परिवर्तन किया जा रहा है इसी क्रम में गुरुवर श्री के निर्देशन में दमोह जिले के तेंदूखेड़ा ब्लॉक में 24 घंटे का अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन दिनांक 6 एवं 7 फरवरी को किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में विशिष्ट रूप से भगवती मानव कल्याण संगठन की केंद्रीय अध्यक्ष शक्ति स्वरूपा बहन पूजा शुक्ला जी का आगमन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष शक्ति स्वरूपा बहन संध्या शुक्ला जी का एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौरभ द्विवेदी जी एवं सिद्धाश्रम चेतना अधीश जी का शुभ आगमन इस कार्यक्रम में होगा। अतः समस्त जाति धर्म संप्रदाय के धर्म प्रेमी जनता का आवाहन किया जाता है कि इस पुनीत कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपने को धन्य बनाएं।

## खास बातें

### कृषकों को सिंचाई सुविधा मुहैया कराये जाने हेतु लिखा पत्र

**दमोह।** पूर्व वित्तमंत्री एवं विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया ने अधीक्षण यंत्री जल संसाधन मण्डंल सागर संभाग सागर निर्मल चंद्र जैन को पत्र लिखकर कहा है दमोह जिले के बांदकपुर-सेमराखोह सीतानगर एक्सटेंशन प्रोजेक्ट में सीतानगर सिंचाई परियोजना से तहसील दमोह के पृथक किये गये 33 गांवों को शामिल कर योजना का क्रियान्वयन कर कृषकों को लाभान्वित किया जाये। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने कार्यवाही करते हुये अधीक्षण यंत्री जल संसाधन मण्ड ल सागर संभाग सागर से कहा है दमोह विकासखण्डं के किसानों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा अवगत कराया गया है कि दमोह विकासखण्ड् के 33 ग्राम इस परियोजना से लाभान्वित होने से वंचित रह गए हैं, जबकि परियोजना की प्रारंभिक परिकल्प ना में इन ग्रामों को सिंचाई सुविधा प्रदान करना भी संभवतः लक्षित था। ऐसी स्थिति में इन 33 ग्रामों के कृषकों में अत्यजधिक असंतोष है और इन ग्रामों में सिंचाई सुविधा उपलब्धध कराने का अनुरोध जनता एवं जनप्रतिनिधियों के माध्य म से निरंतर प्राप्तर हो रहा है। समस्ति तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए कृषकों की वर्षो पुरानी सिंचाई समस्याय के शीघ्र निराकरण, कानून व्यपवस्थात के नियमन एवं जन असंतोष के शीघ्र निवारण को दृष्टिगत रखते हुए ग्रामों के कृषकों को सिंचाई सुविधा मुहैया कराये जाने हेतु परियोजना के डी.पी.आर. स्वीककृति के संबंध में शीघ्रातिशीघ्र नियमानुसार आवश्यदक कार्यवाही समय-सीमा में कराते हुए डीपीआर का परीक्षण एवं सक्षम स्वीकृति हेतु आग्रह हैं। ज्ञातव्य है दमोह जिले के पथरिया विकासखण्डे के ग्राम सीतानगर के समीप सुनार नदी पर वर्ष 2018 में सीतानगर सिंचाई परियोजना की स्वी कृति प्रदान की गई थी।

### सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर कार्यशाला 10 फरवरी को

**दमोह।** सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर एक कार्यशाला का आयोजन 10 फरवरी को शासकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय पी.जी. कॉलेज के सभागार में दोपहर 03 बजे से 05 बजे तक किया जायेगा। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने शासकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य को संस्था के सभागार में आवश्यक व्यवस्था बैठक, लाइट, साउंड सिस्टम व्यवस्था इत्यादि के साथ-साथ शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों एवं एकलव्य विश्वविद्यालय में पदस्थ आई.टी. में दक्ष स्टॉफ को कार्यशाला में उपस्थिति सुनिश्चित किए जाने के लिए निर्देशित किया।

गुजरने वाले वाहनों की रफ्तार पर भी नहीं हो रहा अंकुश, आमजन में भय और आक्रोश

# तेंदूखेड़ा क्षेत्र में सड़क हादसों का कहर इंसान ही नहीं पशु भी बन रहे शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

क्षेत्र में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं ने नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में दहशत और आक्रोश का माहौल पैदा कर दिया है। हालात इतने भयावह हो चुके हैं कि लोग अब दोपहिया और चारपहिया वाहनों से यात्रा करने में भी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। सुबह शाम मॉर्निंग वॉक करने वाले लोगों को दुर्घटनाओ का अँदेशा बना रहता है। तेंदूखेड़ा से झलौन मार्ग, तेजगढ़ मार्ग, तारादेही मार्ग एवं पाटन मार्ग पर सप्ताह में लगभग चार दिन गंभीर दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं, जिनमें लोग असमय काल के गाल में समा रहे हैं। स्थिति केवल यहीं तक सीमित नहीं है। इन मार्गों पर तेज रफ्तार और अनियंत्रित वाहनों के कारण केवल मनुष्य ही



नहीं, बल्कि पशु-पक्षी और मवेशी भी अकाल मृत्यु का शिकार हो रहे हैं। आए दिन सड़क पर घूमने वाले गाय-बैलों, कुत्तों व अन्य पशुओं को वाहन कुचल रहे हैं। नगरवासी सवाल उठा रहे हैं कि आखिर ऐसी घटनाएं कब रुकेंगी और कब प्रशासन जागेगा। पूर्व में इन मार्गों पर बने ब्लैक स्पॉट की जांच के लिए भोपाल से एक विशेष टीम दमोह जिले में पहुंची थी, जिसने तेंदूखेड़ा क्षेत्र के कई खतरनाक ब्लैक स्पॉट चिन्हित भी किए थे। बावजूद इसके, आज तक न तो सुधार कार्य किए गए और न ही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कोई ठोस कदम उठाए गए। परिणामस्वरूप कहीं पेड़ों से टकराकर तो कहीं आमने-सामने की भिड़ंत में जानें जा रही हैं। इन मार्गों पर न स्पीड ब्रेकर हैं, न संकेतक बोर्ड, न चेतावनी सूचक चिन्ह और न ही पर्याप्त स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था। तीखे मोड़, सड़क किनारे लगे पेड़ और बेलगाम रफ्तार दुर्घटनाओं का मुख्य कारण बन रहे हैं। इसके साथ ही बिना लाइसेंस वाहन चलाना, नशे की हालत में ड्राइविंग करना और यातायात नियमों की खुलेआम अनदेखी होना प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करता है। नगर के जागरूक नागरिक रत्नेश जैन, दीपक कटारे, सोनू राय, गोविंद राय एवं कमल नारायण यादव ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि इन मार्गों पर तत्काल सुधार कार्य कराए जाएं। ब्लैक स्पॉट पर स्पीड ब्रेकर, संकेतक बोर्ड, चेतावनी चिन्ह, स्ट्रीट लाइट, सड़क किनारे खतरनाक पेड़ों की कटाई, पशुओं की सुरक्षित आवाजाही की व्यवस्था तथा नियमित ट्रैफिक चेकिंग सुनिश्चित की जाए। नगरवासियों कपिल गोटिया गोलू साहू पुष्पराज यादव शिव शंकर साहू का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले समय में मानव और पशु दोनों की जानें यूं ही जाती रहेंगी। शासन-प्रशासन से अपेक्षा है कि वह संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल कार्रवाई करे, ताकि तेंदूखेड़ा क्षेत्र को इस भयावह स्थिति से राहत मिल सके।

# परीक्षा प्रवेश-पत्र में दर्ज क्यूआर कोड खोलेगा परीक्षार्थी की पूरी जानकारी

### अनिल की जगह पप्पू परीक्षा देने पहुंचा तो तुरंत पकड़ा जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आगामी 10 फरवरी से बोर्ड परीक्षाओं का आगाज किया जा रहा है। गत वर्ष प्रदेश के ग्वालियर, मुरैना सहित अन्य जिलों में सामने आए नकल प्रकरणों को देखते हुए इस बार की परीक्षाओं को तकनीकी रूप से लीकपूफ बनाने मंडल द्वारा कुछ नए प्रयास किए जा रहे हैं। इसके तहत प्रत्येक परीक्षार्थी के प्रवेश-पत्र पर क्यूआर कोड भी अंकित किया गया है। इस क्यूआर कोड को स्कैन करते ही संबंधित परीक्षार्थी की पूरी पहचान जैसे फोटो, नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि सहित अन्य आवश्यक जानकारी केंद्राध्यक्ष या सहायक केंद्राध्यक्ष के सामने आ जाएगी। अगर मूल परीक्षार्थी के स्थान पर कोई दूसरा परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचा तो बारकोर्ड के जरिए उसकी पूरी पहचान उजागर हो जाएगी और फर्जीवाड़े पर काफी हद तक रोक लगेगी।

#### नियमित, स्वाध्यायी सभी के एडमिट कार्ड में रहेगा अंकित

विकासखंड प्रभारी शिक्षा अधिकारी बीएल बिदौलया ने बताया कि उक्त क्यूआर कोड न केवल नियमित बल्कि स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के प्रवेश-पत्र पर भी अंकित रहेगा। माध्यमिक शिक्षा मंडल के दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही बोर्ड परीक्षा संबंधी तैयारियां की जा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि आगामी इसी कड़ी में शुक्रवार को दमोह मुख्यालय से प्रत्येक परीक्षा केंद्र के लिए पूरी गोपनीयता के साथ परीक्षा सामग्री का वितरण किया गया है। परीक्षा केंद्रों से आए केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष व टीम को परीक्षाओं से संबंधित सभी सामग्री प्रदान की गई।

#### सभी केंद्रो पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगी परीक्षा

विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि हटा विकासखंड में दसवीं बारहवीं की परीक्षा के लिए 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिसमें नगरीय क्षेत्र में सीएम राइज उत्कृष्ट विद्यालय हटा, पीएमश्री एमएलबी विद्यालय हटा, हायर सेकेंडरी मॉडल स्कूल हटा, ग्रामीण क्षेत्र से हाई सेकेंडरी स्कूल मडियादो, हिनौता, गैसाबाद, कांटी, रजपुरा, रनेह के अलावा हायर सेकेंडरी स्कूल वर्धा परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिसकी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है इन सभी परीक्षा केंद्रों पर सभी कक्षों में सीसीटीवी कैमरा लगाए गए हैं जिसकी निगरानी में परीक्षा आयोजित की जावेगी। जिसका कंट्रोल रूम जिला मुख्यालय पर बनाया गया है जहां से वरिष्ठ अधिकारी सभी जिले के परीक्षा केंद्रों पर निगरानी रखेंगे।

## नपा की घटिया नल जल योजना के गडडे में गिरकर दो भाई घायल हुये



**हिण्डोरिया।** नपा की घटिया नल जल योजना के लीकेज को सुधारने के लिए खोदे गए गडडे की मिटटी मे मोटर साइकिल फिसलने से दो भाई गिरकर बुरी तरह से घायल हो गए। स्थानीय बस स्टैंड के पास से नगर के वार्ड 04 निवासी धर्मेन्द्र एवं गोपाल जब अपने खेत से अपनी मोटर साइकिल से गुजर रहे थे तभी वे दोनों नपा के घटिया पाईप लाईन का लीकेज सुधारने खोदे गये गडडे की सड़क पर बेतरतीब पडी.मिटटी में मोटर साइकिल सहित फिसल गये। इस घटना से धर्मेन्द्र को बायें पैर एवं गोपाल को पैर के नाखूनों मे गंभीर चोटें आई। नपा व्दारा इस तरह पाईप लाईन के लीकेज सुधारने के नाम पर पूरे नगर की सड़कों को खोदकर बरबाद किया जा चुका है। प्रति दिन पेयजल सप्लाई के दौरान लाईन में लीकेज होना इस नल जल योजना की दिन चर्या का हिस्सा बन चुका है। नगरवासी परेशान है।

# स्वर्णकार समाज विवाह सम्मेलन में 11 जोड़ों ने लिए सात फेरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



सर्व स्वर्णकार समाज द्वारा आयोजित भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन जबेरा में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सामाजिक एकता आपसी सहयोग और संस्कारों को मजबूत करने के उद्देश्य से सम्मेलन में कल 11 जोड़ों का विधि विधान से विवाह संपन्न कराया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में समाज जन गणमन नागरिक और अतिथि गण उपस्थित रहे जिससे कार्यक्रम गरिमा में और ऐतिहासिक बन गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, पूर्व विधायक प्रताप सिंह लोधी, रंजन जैन, तिलक सिंह लोधी, मनु मिश्रा, राजकुमार सोनी, गंज बासौदा डॉक्टर पुरुषोत्तम सराफ पत्रकार जबलपुर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुन्नालाल सोनी ने की। सम्मेलन के सह सचिव अखिलेश सोनी जी रहे। मुख्य अतिथि धर्मेंद्र सिह लोधी ने अपने संबोधन में कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन सामाजिक कुरीतियों को दूर कर और आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को सहयोग देने का सशक्त माध्यम है। ऐसे आयोजनों से समाज में समरसता सहयोग और भाईचारे की भावना प्रबल होती है। सम्मेलन में विवाह की सभी धार्मिक रस में परंपरागत विधि विधान से पंडित दिनेश प्रसाद दुबे जी के द्वारा संपन्न कराई गई। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस तरह छोटे से गांव में इतना बड़ा कार्यक्रम आयोजित करना अपने आप में महत्वपूर्ण है। सामूहिक विवाह जैसे आयोजनों को समाज के लिए प्रेरणादायक बताते हुए इसकी सराहना की। महिलाओं का नेतृत्व साहित्यकार कवि श्रीमती सिद्धेश्वरी जी सोनी ने सफल संचालन के साथ कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। श्रीमती स्नेह सोनी, सीता सोनी, श्रीमती संगीता सोनी, श्रीमती कृष्णा सोनी के साथ आने को महिलाओं ने कार्यक्रम में अहम भूमिका निभाई। अतिथियों ने नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुख दांपत्य जीवन की कामना की। दंपतियों को समाज के मुन्नालाल सोनी के परिवार की ओर से एक-एक साड़ी और पांच पांच बर्तन उपवास एवं आवश्यक ग्रस्त की सामग्री भेंट की गई। आयोजन के अंत में सभी अतिथियों सहयोगियों और समाज जनों का आभार व्यक्त किया गया। यह सम्मेलन सर्व स्वर्णकार समाज की एकता संगठन और सामाजिक जिम्मेदारी का सशक्त उदाहरण बैंक सामने आया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शंभू सोनी, इंदु सोनी, ललित सोनी, अनिल सोनी, मझौली से मनीष सोनी, सुशील सोनी, तेंदूखेड़ा से आनंद सोनी, रामकृष्ण सोनी, डॉ एसपी सोनी, प्रदीप सोनी, जीवनलाल सोनी, रवि सोनी, मुरली ठाकुर आदि अनेक लोगों का कार्यक्रम को सफल बनाने में सरायनी योगदान रहा।

## आत्मा का परमात्मा का हो जाना ही सच्चा प्रेम है : पं मधुर गोपाल दास जी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

नगर के अग्रवाल परिवार द्वारा श्रीमद भागवत महापुराण कथा का आयोजन पटेरा नगर के पुरानी अस्पताल परिसर में धूमधाम से किया जा रहा है। कथा व्यास पं श्री मधुर गोपाल दास जी शास्त्री ज्योतिषाचार्य जी के मुखारबिंद से कथा का रसपान कराया जा रहा है जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण करने पहुंच रहे है। कथा के षष्टम दिवस में विशाल जन सैलाब देखने को मिला। महाराज श्री ने बताया कि कथा अमृत है और इसके पीने से जीवन तृप्त हो जाता है। प्रेम के विषय में महाराज जी ने बताया कि प्रेम शरीरिक नहीं होता अपितु आत्मा का परमात्मा का हो जाना ही सच्चा प्रेम है। भगवान कृष्ण ने कंस का वध करके संसार को यह संदेश दिया की बुराई पर अच्छाई की जीत सदैव होती है।



कथा के षष्टम दिवस में भगवान कृष्ण एवं माता रूक्मणी का विवाह महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कथा के मुख्य यजमान प्रहलाद अग्रवाल जी एवं समस्त अग्रवाल परिवार छेवला वाले पटेरा है। वहीं कथा के आयोजन में मुख्य रूप से सहयोगी आचार्य पं सुदर्शन पाठक काशी, पं आचार्य राजेश मिश्रा, पं धनन्जय भारती, पं राकेश पाण्डेय शास्त्री द्वारा विशेष सहयोग दिया जा रहा है।

## सीएमओ के नाम पत्र प्रेषित किया

**दमोह।** अजाक्स तहसील दमोह द्वारा नगर पालिका सी.एम.ओ. के नाम एक पत्र प्रेषित किया गया। अजाक्स तहसील कार्यवाहक अध्यक्ष मनोज चौधरी ने बताया कि डा. अम्बेडकर मांगलिक भवन कचौरा मार्केट में भवन की स्थिति जर्जर होती जा रही है जिसमें भवन के चारो ओर गंदगी, भवन में लगी खिड़किया, टाईल्स, दरवाजे टूटे हुये है एवं भवन क्षतिग्रस्त हालत में है। भवन में रंग रोगन नहीं होने से भवन का नाम डा. अम्बेडकर मांगलिक भवन भी मिट गया है। अतः उक्त सभी समस्याओं को शीध्रता से भवन में सुधार कार्य करवाने की मांग की है।

# नोहलेश्वर महोत्सव सेवा और संस्कृति का संगम है - राज्यमंत्री

### नोहलेश्वर महोत्सव के अवसर पर आयोजित विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के प्रथम दिवस बड़ी संख्या में मरीजों ने उठाया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

नोहटा स्थित नोहलेश्वर मंदिर परिसर में संस्कृति पर्यटन धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी के मार्गदर्शन एवं महोत्सव संयोजक सत्येंद्र सिंह नेतृत्व में 05 से 15 फरवरी तक आयोजित नोहलेश्वर महोत्सव में 06 फरवरी को आयोजित विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कृष्णभाव फाउंडेशन के तत्वावधान में राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी के सौजन्य एवं आर.पी. फाउंडेशन के सहयोग से पीपुल्स हॉस्पिटल भानपुर भोपाल द्वारा आयोजित शिविर में पीपुल्स हॉस्पिटल भोपाल से आए अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा मरीजों की गहन जांच की गई। इस दौरान सामान्य रोगों के साथ-साथ हृदय रोग, मधुमेह, नेत्र रोग, हड्डी रोग, महिला एवं बाल रोग



सहित विभिन्न बीमारियों की जांच कर मरीजों को उचित चिकित्सकीय परामर्श एवं निःशुल्क दवाइयां प्रदान की गईं। 07 फरवरी को भी निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगेगा। महोत्सव मीडिया प्रभारी राहुल कुमार जैन ने बताया मंत्री श्री लोधी ने कार्यक्रम के दौरान अतिथियों के साथ शिविर स्थल पर पहुँचकर मरीजों का कुशलक्षेम जाना गया तथा उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। जांच के दौरान जिन मरीजों की स्थिति गंभीर पाई गई उन्हें बेहतर उपचार हेतु निःशुल्क वाहन सुविधा के माध्यम से भोपाल रेफर किए जाने की समुचित व्यवस्था भी की गई। इस दौरान राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार संस्कृति पर्यटन धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग मध्यप्रदेश शासन धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि नोहलेश्वर महोत्सव के पावन अवसर पर आयोजित यह निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर जनसेवा की सच्ची भावना का प्रतीक है। ग्रामीण एवं दूर-दराज़ के क्षेत्रों में रहने वाले जरूरतमंद नागरिकों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाना हमारी प्राथमिकता है। ऐसे शिविरों के माध्यम से आमजन को समय पर जांच, उपचार एवं परामर्श मिल रहा है जो समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान की दिशा में एक सशक्त कदम है। उन्होंने आगे कहा नोहलेश्वर मंदिर केवल आस्था का केंद्र नहीं बल्कि हमारी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर भी है। नोहलेश्वर महोत्सव के माध्यम से हम अपनी बुंदेली संस्कृति, लोककला और परंपराओं को नई पीढ़ी से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। हमारी लोकसंस्कृति ही हमारी पहचान है और इसे सहेजना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है नोहलेश्वर महोत्सव सेवा और संस्कृति का संगम है। महोत्सव संयोजक सत्येंद्र सिंह लोधी ने कहा कि प्रदेश सरकार संस्कृति पर्यटन और धार्मिक स्थलों के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। नोहटा जैसे ऐतिहासिक स्थल को सांस्कृतिक आयोजनों से जोड़कर हम स्थानीय कलाकारों को मंच देने के साथ-साथ पर्यटन को भी बढ़ावा दे रहे हैं। आने वाले समय में नोहलेश्वर महोत्सव को और अधिक भव्य रूप दिया जाएगा। जनसेवा और जनसंस्कृति के ऐसे आयोजनों में जनता की सहभागिता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। मैं सभी चिकित्सकों, कलाकारों, स्वयंसेवकों और क्षेत्रवासियों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ, जिनके सहयोग इस आयोजन में मिल रहा है।

## पंच कल्याणक गजरथ महोत्सव की 12वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई



**झलौन।** श्री 10008 चंदा प्रभु जिनालय में 6 फरवरी 2014 को सम्पन्न हुए पंच कल्याणक गजरथ महोत्सव की 12वीं वर्षगांठ आज दिनांक 6 फरवरी 2026 को अत्यंत श्रद्धा, उल्लास एवं भक्ति भाव के साथ मनाई गई। इस पावन अवसर पर जिनालय परिसर धार्मिक आयोजनों से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 8:00 बजे भगवान श्री 10008 चंदा प्रभु के अभिषेक से हुई। अभिषेक में प्रथम कलश का सौभाग्य विनोद जैन / रोहित जैन परिवार को, द्वितीय कलश का सौभाग्य आयुष जैन कालू परिवार को तथा तृतीय कलश का सौभाग्य राजेंद्र जैन, जितेंद्र जैन एवं दीपक जैन परिवार को प्राप्त हुआ। इसके उपरांत शांति धारा करने का सौभाग्य सचिन जैन एवं सौरभ जैन परिवार को मिला। दोपहर 2:00 बजे से जिनालय में शांति विधान का शुभारंभ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजनों ने सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया। सायंकाल पवन जैन एवं दिनेश जैन परिवार की ओर से भव्य महा आरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बैंड-बाजे एवं बग्गी के साथ समाजजनों ने प्रभात फेरी के रूप में महा आरती लेकर नगर भ्रमण करते हुए जिनालय प्रांगण में प्रवेश किया, जहां विधिवत महा आरती संपन्न हुई। इस पावन अवसर पर जैन समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं, युवा एवं बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूरा वातावरण भक्ति, श्रद्धा एवं उल्लास से ओतप्रोत रहा।

## पुलिस अधीक्षक की नई पहल, स्कूलों में हौसला पेटी की स्थापना



**दमोह।** पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा बच्चों की सुरक्षा, समस्याओं के समाधान और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने के उद्देश्य से एक नई पहल शुरू की गई है। इस पहल के तहत शहर के प्रत्येक स्कूल में "हौसला पेटी" स्थापित की गई है। इस व्यवस्था के माध्यम से यदि किसी बच्चे को किसी प्रकार की परेशानी, डर, उत्पीड़न या अन्य समस्या का सामना करना पड़ता है, तो वह अपनी शिकायत लिखकर हौसला पेटी में डाल सकता है। शिकायतकर्ता का नाम पूर्णतः गोपनीय रखा जाएगा, जिससे बच्चे बिना किसी भय के अपनी बात साझा कर सकें। पुलिस विभाग द्वारा समय-समय पर इन पेटियों की जांच कर शिकायतों का संज्ञान लिया जाएगा और आवश्यकतानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस पहल का उद्देश्य बच्चों में सुरक्षा की भावना विकसित करना, उनकी समस्याओं का समय पर समाधान करना तथा विद्यालयों को अधिक सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है। पुलिस अधीक्षक महोदय ने सभी विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं अभिभावकों से अपील की है कि वे इस पहल को सफल बनाने में सहयोग करें और बच्चों को अपनी समस्याएँ निडर होकर साझा करने के लिए प्रेरित करें।

## श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताहिक कथा का समापन



**दमोह।** शहर के असाटी वार्ड नंबर एक असाटी समाज दमोह द्वारा संस्कार भवन में श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताहिक कथा आयोजन में कथा वाचक श्रेद्धय नीरज नयन महाराज (श्रीधाम वृंदावन) द्वारा कथा श्रवण कराई गई, जिसमें सातवें दिवस श्री सुदामा चरित्र, शुकदेव विदाई का प्रसंग सुनाया गया। इस दौरान लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, साथ ही जिला प्रचारक आरएसएस भइयन, नगर पालिका की अध्यक्ष श्रीमती मंजू वीरू राय, वन मंडल अधिकारी (डीएफओ) ईश्वर जरांडे, डॉक्टर यदु वीना, डॉ श्रद्धा गंगेले, जेल मंदिर पंडित संजय गौतम शामिल हुए एवं महाराज का आशीर्वाद लिया। वहीं आठवें दिवस हवन पूजन के साथ श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताहिक कथा का समापन किया गया। एवं भंडारा आयोजन में सभी लोगों ने महाप्रसादी गृहण किया एवं जलविहार किया गया। इस अवसर पर असाटी समाज वरिष्ठ समिति, नवयुवक मंडल, महिला मंडल मौजूद रहा।